भारत सरकार

ग्रामीण विकास मंत्रालय

ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1605

(28 जुलाई, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए)

ग्रामीण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

1605. श्री सुकान्त कुमार पाणिग्रही:

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-IV (पीएमजीएसवाई-IV), प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस) और प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जेएएनएमएएन) के कार्यान्वयन में हुई प्रगति की समीक्षा की है और यदि हां, तो ओडिशा सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या लखपति दीदी पहल, राष्ट्रीय उद्यमिता अभियान और पीपुल्स ऑपरेटिंग सिस्टम (एलओकेओएस) एप्लीकेशन से स्व-सहायता समूहों (एसएचजी) के सदस्यों की उद्यमिता, स्थायी आजीविका और घरेलू आय में सुधार हुआ है तथा इस संबंध में हासिल की गई प्रमुख उपलब्धियां क्या है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या ओडिशा राज्य के कंधमाल, बौध, नयागढ़, गंजम जिलों में पीएमजीएसवाई/पीएमजीएसवाई-IV, पीएमएवाई-जी और पीएम-जेएएनएमएएन के तहत ग्रामीण सड़कों, पुलों, आवास और जनजातीय अवसंरचना परियोजनाओं के कार्यों में तेजी लाई गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान बजट अनुमान, संशोधित अनुमान, वास्तविक व्यय तथा स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई निधि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

ग्रामीण विकास राज्य मंत्री

(श्री कमलेश पासवान)

(क): सरकार ओडिशा सहित पूरे देश में अपनी प्रमुख ग्रामीण विकास योजनाओं के कार्यान्वयन और प्रगति की नियमित रूप से समीक्षा करती है। इस दिशा में, ग्रामीण विकास

मंत्रालय ने एक व्यापक बहु-स्तरीय और बहु-प्रारूप ग्रामीण विकास योजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी और मूल्यांकन प्रणाली विकसित की है, जिसमें कार्य निष्पादन समीक्षा समिति बैठकें, राष्ट्रीय स्तर के मॉनिटर (एनएलएम), क्षेत्र अधिकारी योजनाएं, संयुक्त समीक्षा मिशन, समवर्ती मूल्यांकन और प्रभाव आकलन अध्ययन शामिल हैं। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की राज्य-विशिष्ट समीक्षाएं भी समय-समय पर की जाती हैं और उनके निष्कर्षों के आधार पर कार्रवाई की जाती है। योजनाओं के लिए सामाजिक लेखा परीक्षा भी की जाती हैं।

(ख): लखपति दीदी पहल, उद्यमिता पर राष्ट्रीय अभियान और पीपल ऑपरेटिंग सिस्टम (लोकओएस) एप्लिकेशन आदि सहित व्यापक आजीविका विकास पहल के अंतर्गत अपनाए गए विभिन्न उपायों के परिणामस्वरूप, कुल लगभग 10.05 करोड़ महिलाओं को आजीविका कार्यक्रम (कृषि एवं गैर-कृषि), उद्यमिता कार्यक्रमों, सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों आदि की दिशा में स्वयं सहायता समूहों में शामिल किया गया है। इनमें से लगभग 3.46 करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं।

(ग): ओडिशा के कंधमाल, बौध, नयागढ़, गंजम जिलों सहित पूरे देश में ग्रामीण विकास कार्यक्रमों का कार्यान्वयन एक सतत प्रक्रिया है। ओडिशा राज्य में पीएमजीएसवाई/पीएमजीएसवाई-IV, पीएमएवाई-जी और पीएम-जनमन के अंतर्गत स्वीकृत अवसंरचना परियोजनाओं का जिलावार ब्यौरा, जहां लागू हो, **अनुबंध** में दिया गया है।

(घ): ग्रामीण विकास मंत्रालय के विभिन्न कार्यक्रमों/योजनाओं के अंतर्गत बजट अनुमान (बीई) और संशोधित अनुमान (आरई) का ब्यौरा मंत्रालय के बजट के भाग के रूप में योजना स्तर पर आवंटित और अनुरक्षित किया जाता है तथा कार्यक्रमों/योजनाओं के अंतर्गत कोई राज्यवार बीई और आरई आवंटित नहीं किया जाता है। पिछले तीन वर्षों के दौरान ग्रामीण विकास विभाग के बीई, आरई और बीई/आरई में से जारी की गई निधि का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

(रुपये करोड़ में)

वित्तीय वर्ष	बजट अनुमान (बीई)	संशोधित अनुमान (आरई)	वास्तविक व्यय
2023-24	157545.00	171069.46	150065.06
2024-25	184566.19	173912.11	172209.64
2025-26	188754.53	186995.61	173276.68

*****

अनुबंध

"ग्रामीण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा" के संबंध में लोक सभा में दिनांक 28.07.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न सं. 1605 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

(क) ओडिशा राज्य के लिए पीएमजीएसवाई-IV में स्वीकृत कार्यों का जिलावार ब्यौरा:

क्र.सं.	जिला	सड़क लंबाई (किमी.)
1	कंधमाल	350
2	क्योंझर	102
3	खुर्दा	15
4	कोरापुट	32
5	मलकानगिरी	282
6	नवरंगपुर	324
7	रायगड़ा	552
8	संबलपुर	45
कुल		**1,702**

(ख) ओडिशा राज्य के लिए पीएम-जनमन में स्वीकृत कार्यों का जिलावार ब्यौरा:

क्र.सं.	जिला	सड़क लंबाई (किमी.)
1	देवगढ़	25
2	गजपति	38
3	गंजम	47
4	कालाहांडी	20
5	कंधमाल	9
6	क्योंझर	6
7	मलकानगिरी	10
8	मयूरभंज	11
9	रायगड़ा	42
10	सुंदरगढ़	4
कुल		**212**

(ग) पीएमएवाई-जी और पीएम-जनमन के अंतर्गत ओडिशा के लिए स्वीकृत मकानों का जिलावार ब्यौरा

क्र.सं.	जिला	पीएमएवाई-जी	पीएम-जनमन	कुल
1	अंगुल	58,957	775	59,732
2	बालेश्वर	1,69,371	5	1,69,376
3	बरगढ़	1,20,709	-	1,20,709
4	भद्रक	1,27,515	-	1,27,515
5	बलांगीर	1,76,447	-	1,76,447
6	बौध	67,220	-	67,220
7	कटक	63,652	-	63,652
8	देवगढ़	14,676	925	15,601
9	ढेंकानाल	84,984	2,751	87,735
10	गजपति	43,363	4,400	47,763
11	गंजम	79,803	342	80,145
12	जगतसिंहपुर	24,871	-	24,871
13	जाजपुर	86,091	71	86,162
14	झारसुगुड़ा	35,825	-	35,825
15	कालाहांडी	1,39,790	6,130	1,45,920
16	कंधमाल	53,638	1,246	54,884
17	केंद्रपाड़ा	72,756	-	72,756
18	केंदुझर	1,72,487	10,150	1,82,637
19	खोरधा	26,288	-	26,288
20	कोरापुट	99,144	-	99,144
21	मलकानगिरी	43,362	3,050	46,412
22	मयूरभंज	3,50,176	1,892	3,52,068
23	नबरंगपुर	1,36,374	-	1,36,374
24	नयागढ़	50,755	-	50,755
25	नुआपाड़ा	1,08,228	517	1,08,745
26	पुरी	59,886	-	59,886
27	रायगड़ा	68,655	7,701	76,356
28	संबलपुर	58,927	-	58,927
29	सोनपुर	70,729	-	70,729
30	सुंदरगढ़	1,42,021	1,138	1,43,159
	कुल	**28,06,700**	**41,093**	**28,47,793**

*****